# वार्षिक परीक्षा मॉडल पेपर–2024
## कक्षा–10
## विषय–सामाजिक विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक – 70

सामान्य निर्देश –

1- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2- प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

3- यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'अ' एवं 'ब' में विभाजित है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनका उत्तर ओ0एम0आर0 शीट पर दिया जाना है।

4- ओ0एम0आर0 शीट पर उत्तर अंकित किये जाने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर (Eraser) एवं व्हाइटनर (Whitener) आदि का प्रयोग न करें।

5- खण्ड 'ब' 50 अंकों का है। इसमें वर्णनात्मक–1, वर्णनात्मक–2 एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित है।

6- दिये गये मानचित्र को उत्तरपुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

7- दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न लिखने के लिए दिये गये है।

# खण्ड–'अ'

बहुविकल्पीय प्रश्न

निर्देश: निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए–

1. जर्मन संस्कृति में 'बोक्स जिस्ट' का आशय था– 1

(क) राष्ट्र (ख) संविधान
(ग) आम जनता (घ) संसद

2. 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के लेखक हैं– 1

(क) सरदार पटेल (ख) बाल गंगाधर तिलक
(ग) महात्मा गाँधी (घ) सुभाषचन्द्र बोस

3. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है? 1

(क) वाशिंगटन (ख) जेनेवा

(ग) न्यूयार्क (घ) ऑस्ट्रिया

4. प्रथम विश्व युद्ध का प्रारंभ कब हुआ था? 1

(क) 1914 (ख) 1939

(ग) 1919 (घ) 1942

5.1785 ई. में सूत कातने वाली नई मशीन का आविष्कार किसने किया? 1

(क) हारग्रीव्स (ख) रिडले

(ग) स्टैनली (घ) जोहन

6. संसदीय प्रजातंत्र की स्थापना किस देश में सर्वप्रथम हुई? 1

(क) इटली (ख) इंग्लैण्ड

(ग) फ्रांस (घ) जर्मनी

7. भारतीय संघ में अवशिष्ट शक्तियाँ किसको प्राप्त है? 1

(क) राज्य (ख) संघ

(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

8. काले दस्ताने और बँधी मुट्ठियाँ किसकी प्रतीक थीं? 1

(क) विद्रोह की (ख) शांति की

(ग) अश्वेत शक्ति की (घ) इनमें से कोई नहीं

9. भारत में राज्य का आधिकारिक धर्म है– 1

(क) हिन्दू धर्म (ख) इस्लाम
(ग) ईसाई धर्म (घ) कोई नहीं

10. राजा वीरेन्द्र शाही परिवार के एक रहस्यमय नरसंहार में कब मारे गए थे? 1

(क) 2000 (ख) 2001
(ग) 2002 (घ) 2003

अनुशासनेन विद्या अभ्यासेन विद्या
||ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम्||

11. निम्न में से कौन–सा एक व्यक्तिगत संसाधन नहीं है? 1

(क) बागान

(ग) भूमि

(ख) चारागाह

(घ) खनिज संसाधन

12. निम्नलिखित में से किस राज्य में सीढ़ीदार खेती की जाती है?1

(क) पंजाब

(ख) हरियाणा

(ग) उत्तर प्रदेश

(घ) उत्तराखण्ड

13. निम्नलिखित में से कौन–सा खनिज आधारभूत है? 1

(क) मैंगनीज

(ख) अभ्रक

(ग) लौह अयस्क

(घ) ताँबा

14. निम्नलिखित में से परिवहन का कौन–सा साधन अति–दुर्गम स्थानों के लिए अत्यन्त आवश्यक है? 1

(क) जल परिवहन (ख) वायु परिवहन

(ग) रेल परिवहन (घ) स्थल परिवहन

15. निम्नलिखित में से कौन–सा पत्तन (बंदरगाह) देश के पूर्वी तट पर स्थित है? 1

(क) कांडला (ख) कोच्चि

(ग) मुम्बई (घ) विशाखापत्तनम्

16. निम्न में से किस राज्य की प्रति व्यक्ति आय सर्वाधिक है? 1

(क) हरियाणा (ख) बिहार
(ग) राजस्थान (घ) मेघालय

17. निम्नलिखित में से कौन–सा ग्रामीण क्षेत्र में विकास का लक्ष्य है? 1

(क) नियमित कार्य (ख) उपज की उचित कीमत
(ग) बेहतर मजदूरी (घ) इनमें से कोई नहीं

18. सेवा क्षेत्र निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है? 1

(क) प्राथमिक क्षेत्र (ख) द्वितीयक क्षेत्र

(ग) तृतीयक क्षेत्र (घ) इनमें से कोई नहीं

19. दो राज्यों के बीच वस्तुओं का आदान–प्रदान कहलाता है |1

(क) राष्ट्रीय व्यापार (ख) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार
(ग) आंतरिक व्यापार (घ) वस्तु विनिमय

20. एगमार्क किन वस्तुओं के लिए प्रामाणिक चिन्ह है? 1

(क) उपयोग वस्तु (ख) सेवा वस्तु
(ग) खाद्य पदार्थ (घ) इलेक्ट्रॉनिक

||ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम्||

# खण्ड—ब (50 अंक)

## वर्णनात्मक—1 (उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)

1. फ्रांस की क्रांति कब शुरू हुई? उसका मुख्य कारण क्या था? 4

***अथवा***

असहयोग आंदोलन के मुख्य कारण क्या थे?

2. सत्ता के क्षैतिज वितरण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। साथ ही भारत के संदर्भ में उदाहरण प्रस्तुत कीजिए। 4

***अथवा***

भू—क्षरण रोकने के कोई तीन उपाय सुझाइए।

3. कृषि की तीन समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 4

***अथवा***

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की प्रमुख विशेषताएँ लिखें। 4

4. भारतीय कृषि पर वैश्वीकरण के प्रभावों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। 4

***अथवा***

राष्ट्रीय व्यापार तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में अंतर बताएँ।

ज्ञानात् मुक्तिः
||ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम् ||

## वर्णनात्मक–2 (उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)

5. यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय में जर्मनी एवं इटली के एकीकरण का योगदान बताइए। 2+4

*अथवा*

'ब्रेटन वुड्स ट्विन' (ब्रेटन वुड्स की जुड़वा संतान) किन्हें कहा जाता है?

6. भारत में स्थानीय स्वशासन के किन्हीं तीन गुणों एवं समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 2+4

**अथवा**

सामाजिक विभाजन किस तरह से राजनीति को प्रभावित करते हैं? दो उदाहरण भी दीजिए।

7. संसाधन का अर्थ लिखिए। एक संसाधन के रूप में भूमि का उपयोग किन उद्देश्यों के लिए किया जाता है? व्याख्या कीजिए। 2+4

**अथवा**

भारत में पायी जाने वाली मुख्य फसलों पर एक लेख लिखिए।

8. प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रों की विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 2+4

||ज्ञानम् मनुष्यस्य तृतीय नेत्रम्||

**अथवा**

वैश्वीकरण ने किस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था की सहायता की है? उचित उदाहरणों की सहायता से समझाइये। 2+4

9. मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न

(क) निम्नलिखित स्थानों को भारत के रेखा–मानचित्रों में ( ●) चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही अंकन हेतु ½+½ अंक निर्धारित है।

(क) वह स्थान जहाँ अंग्रेजों ने अपनी पहली राजधानी बनायी। ½+½

(ख) वह स्थान जहाँ चौरी–चौरा काण्ड हुआ। ½+½

(ग) वह स्थान जहाँ प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर स्थित है। ½+½

(घ) वह स्थान जहाँ आनन्द भवन स्थित है। ½+½

(ङ) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन हुआ था। ½+½

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)**

निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए–

(i) किस स्थान पर अंग्रेजों ने अपनी पहली राजधानी बनायी ? 1

(ii) चौरी–चौरा काण्ड कहाँ हुआ था? 1

(iii) नील की खेती करने वाले किसानों ने अपना सत्याग्रह कहाँ किया था? 1

(iv) प्रसिद्ध स्वर्ण मंदिर कहाँ स्थित है? 1


(v) आनन्द भवन कहाँ स्थित है? 1

(ख) दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—

(i) नागार्जुन सागर बाँध ▭ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(ii) बॉक्साइट उत्पादन का एक क्षेत्र ++ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iii) हैदराबाद नगर O चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(iv) ब्रह्मपुत्र नदी  चिह्न द्वारा नाम सहित। ½+½

(v) कपास उत्पादन का एक क्षेत्र ▭ चिह्न द्वारा नाम सहित।½+½

(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

निर्देश:निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए—

(i) नागार्जुन सागर बाँध किस नदी पर बना है? 1

(ii) बॉक्साइट उत्पादक एक क्षेत्र का नाम लिखिए। 1

(iii) हैदराबाद नगर किस राज्य में है? 1

(iv) ब्रह्मपुत्र नदी किस राज्य में है? 1

(v) कपास उत्पादक दो राज्यों के नाम लिखिए। 1